## एक नजर

### सीएचसी पर गंदगी मिलने से सीएमओ नाराज

**शाहजहांपुर।** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने शुक्रवार की सुबह दस बजे कांट सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई और सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। ओपीडी कक्ष में निरीक्षण के समय 143 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका था। लैब में 51 मरीजों की जांच की जा चुकी थी, जिसमें आठ मरीज मलेरिया के थे। 13 महिलाओं की एएनसी की जा चुकी थी। वार्ड में दो मरीज भर्ती मिले। मरीजों को दवाएं अस्पताल से उपलब्ध कराई जा रही थी। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि अस्पताल गेट पर स्ट्रेचर रखा जाए और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीएमओ ने उप केंद्र पिपरौला तथा ददरौल का भी निरीक्षण किया। ओपीडी में 17 मरीज मिले, चार आयुष्मान गोल्ड कार्ड, आभा आइडी 12 बनाए गए थे। निरीक्षण के समय डॉ. राजीव मल्होत्रा, डॉ. प्रीति सक्सेना, डॉ. शुम्बुल, सत्येंद्र वर्मा, अंजलि मिश्रा आदि उपस्थित मिले।

### कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी

**पुवायां।** चोरो ने कमरे का ताला तोड़कर नगदी समेत घरेलू सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। नगर के मोहल्ला काशीराम कालोनी निवासी प्रीति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को अपने परिवार के साथ पुराने घर नाहिल गई हुई थी। शुक्रवार सुबह जब वापस आई तो उसके आवास का ताला टूटा था, जब कमरे के अंदर देखा तो उसमें रखा गैस- चूल्हा, सिलेंडर, बक्से में रखे 2000 रुपये, दो क्विंटल गेहूं व अन्य घरेलू सामान गायब मिला। जिसके बाद प्रीति देवी ने कोतवाली आकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। जवानों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ लगवाई गई। अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया। एसपी ने पीआरवी 112 वाहनों को चेक किया तथा उपकरणों के रखरखाव को दिशा निर्देश दिए। अर्दली रूम से संबंधित कर्मचारियों को ओआर लिया। पुलिस लाइन में फॉगिंग कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों और प्रधानाचार्यों से मतदान प्रतिशत बढ़वाने का आह्वान

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मांगा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों और प्रधानाचार्यों के साथ स्वीप एक्टिविटी को लेकर बैठक करते डीईओ उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, आईआईएम विद्यालयों के प्राचार्यों तथा जिला उद्योग केंद्र, व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ स्वीप एक्टिविटीज के संबंध में बैठ की। डीईओ ने प्राचार्यों और उद्यमियों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। मतदान 13 मई को सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीईओ ने कहा कि 13 मई को होने वाले निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे जिले में एक नया इतिहास बन सके। मतदान के दिन लोग घरों से बाहर निकल कर लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बनें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोग अधिक से अधिक मतदान करें, ऐसा प्रयास सभी का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर छाया, पेयजल, ओआरएस, मेडिकल किट, बिजली, बैठने आदि की उचित व्यवस्थाएं भी कराई जा रही हैं, ताकि मतदाताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता निजी वाहन से मतदान करने के लिए मतदेय स्थल के 200 मीटर की दूरी तक ही आ सकता है। कोई भी व्यक्ति वाहन से मतदाताओं को ढोने का कार्य नहीं करेगा। जितनी मेहनत से वोट बढ़ाया गया है, उतनी मेहनत से लगकर मतदान भी करना है। बताया कि पर्ची बांटने का कार्य प्रारंभ होने वाला है, जिस मतदाता को पर्ची न मिले, वह संबंधित बीएलओ एवं डायल 1950 पर संपर्क कर सकता है। उन्होंने प्रधानाचार्यों का आह्वान किया कि वह अपने स्कूल-कॉलेजों के बच्चों को जागरूक करें कि छात्र-छात्राएं अपने परिवार के लोगों को मतदान करने अवश्य भेजें और इसकी पुष्टि भी करें। इसी तरह सभी संस्थान एवं संगठनों के पदाधिकारी भी आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार, स्वीप नोडल अधिकारी डीआईओएस हरिवंश कुमार, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, चैप्टर अध्यक्ष गुरजीत सिंह मोंगा, उद्योगपति रामचंद्र सिंघल, सुरेश सिंघल, रोहित गोयल समेत बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य, उद्यमी और संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

● **कहा- मतदान केंद्रों पर कराई जा रहीं उचित व्यवस्थाएं ताकि मतदाताओं को न हो परेशानी**

### नुक्कड़ नाटक से दिया वोट देने का संदेश



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर निगम के तत्वाधान में चलाया जा रहा मतदाता जागरुकता अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान मंथन आर्ट्स सोसायटी की टीम ने शुक्रवार शाम जिला अस्पताल के गेट पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक और गीतों से वोट का महत्व समझाते हुए कलाकारों ने लोगों अपील की कि वह अपने आसपास के लोगों को भी 13 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक में सुमित सक्सेना, शंकर लाल, वरुण कुमार, रचिन कुमार, पारस दीक्षित, सोनू सक्सेना आदि शामिल रहे। इस मौके पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, अधिशासी अभियंता आशीष त्रिवेदी, सैफ सिद्दीकी, अमरदीप, शिवा सक्सेना, उमेश वर्मा, पार्षद मनीष गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

### विधि छात्रों ने नाटक से किया जागरूक



**शाहजहांपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। बैठक के बाद विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। विधि छात्र प्रबल पांडेय, निशा, सरिता, आकृति मिश्रा, आंचल तिवारी, दिव्यम मिश्र, पुलकित, अपूर्व आदि ने आओ मतदान करें विषय पर नाटक की प्रस्तुति देते हुए एक-एक वोट का महत्व समझाते हुए लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य बीएल मौर्या ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदाता भविष्य का विधाता होता है। विधि छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए युवा मतदाताओं से आग्रह किया कि उन्हें युवा पीढ़ियों को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अमरेंद्र सिंह, मृदुल शुक्ला आदि ने भी विचार व्यक्त किए। अतुल शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

# पेन नंबर के बिना भी दें बच्चों को प्रवेश, बाद में जेनरेट करें नंबर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




● **स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को बीएसए ने जारी की गाइडलाइन**
● **यू-डायस के लिए करें आवेदन अन्यथा होगा मान्यता प्रत्याहरण**

**अमृत विचार:** जनपद में कक्षा 1 से 12 तक संचालित परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय. मान्यता प्राप्त (अनुदानित/गैर अनुदानित) विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों और मदरसों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश संबंधी दिशा निर्देश दिए गए हैं। बीएसए रणवीर सिंह ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर ऑनलाइन वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का डाटा फीडिंग/अपडेट की गई है।

विद्यालय द्वारा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को पेन (परमानेंट एजूकेशन नंबर) आवंटित है। शासन/ विभाग द्वारा योजनाओं के लाभ प्राप्त करने तथा अन्यत्र विद्यालय में दाखिला कराने में की आवश्यकता होगी, इसलिए सभी बच्चों का यू-डायस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। बीएसए ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि जिस विद्यालय में उनका बच्चा अध्ययनरत है, उसी विद्यालय के माध्यम से यू-डायस पोर्टल पर छात्र/छात्रा का नाम रजिस्टर्ड होना चाहिए। यदि कोई भी छात्र-छात्रा यू-डायस पोर्टल पर फीडिंग से वंचित रहा जाता है, तो उसका समस्त उत्तरदायित्व विद्यालय का होगा।

क्योंकि विद्यालय द्वारा स्वयं अपने लॉग-इन से अध्ययनरत् छात्र/ छात्राओं का विवरण पोर्टल पर फीड किया जाता है। बीएसए ने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल 4321 विद्यालय यू-डायस पोर्टल पर हैं। अभी भी कतिपय विद्यालयों द्वारा यू-डायस पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं का पेन आवंटित न होने से दूसरे विद्यालय में प्रवेश के समय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का पेन अद्यतन जनरेट नहीं है, उन बच्चों के प्रवेश के लिए किसी भी विद्यालय द्वारा मना नहीं किया जाएगा। बल्कि प्रवेश के बाद बच्चे का पेन विद्यालय द्वारा जनरेट किया जाएगा।

बीएसए ने कहा कि ऐसे विद्यालय जिनका यू-डायस कोड नहीं है और जिन्होंने आवेदन भी नहीं किया है, वह तत्काल यू-डायस कोड के लिए निर्धारित प्रारूप पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन करना सुनिश्चित करें। अन्यथा विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

# ईवीएम, वीवी पैट का कमीशनिंग कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **डीईओ ने किया निरीक्षण सीसीटीवी का संचालन भी देखा**

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जीएफ कॉलेज में ईवीएम एवं वीवी पैट कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखने में एहतियात बरतने तथा कमीशनिंग कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

डीईओ ने कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण उन्होंने सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम से सभी कैमरों का संचालन चेक किया। कहा कि प्रवेश द्वार पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की फेस स्क्रीनिंग अवश्य की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में कोई भी अधिकारी कर्मचारी बिना परिचय पत्र के नहीं होना चाहिए। गेट पर अंदर आने वाले सभी कार्मिकों की स्क्रीनिंग की जाए और तलाशी ली जाए तथा आने-जाने का समय भी रजिस्टर में दर्ज किया जाए। किसी भी दशा में कोई भी कार्मिक बीड़ी, सिगरेट, पान, गुटका, माचिस, लाइटर आदि नशीले एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर न आने पाए।


ईवीएम एवं वीवी पैट कमीशनिंग का निरीक्षण करते डीईओ उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### बुलावा टोलियों को दिया प्रशिक्षण



**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को ब्लॉक भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, जैतीपुर, जलालाबाद, मिर्जापुर, कलान आदि क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव मे बूथों पर तैनात किए गए नोडल अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने बुलावा टोलियों के साथ बैठक कर उन्हें प्रशिक्षण दिया। इन बैठकों में नोडल अधिकारियों ने बुलावा टोलियों में शामिल लोगों को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक बूथ पर पांच-पांच लोगों की बुलावा टीम बनाएं, जिसमें कोटेदार, बीएलओ, शिक्षक, शिक्षामित्र, एएनएम, आशा, पंचायत सहायक, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी से जुड़े महिला-पुरुष शामिल किए जाएं। टीम के सदस्य कम वोटिंग वाले बूथों वाले घरों का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। नोडल अधिकारी बुलावा टोलियों को सक्रिय बनाए रखेंगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे और इन बूथों पर तीन दिन पहले मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें। जिन मतदाताओं की पर्ची नहीं मिले, वह कंट्रोल नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पूल में उतरे नन्हे-मुन्ने, तैराकी सीखी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


तक्षशिला में स्वीमिंग पूल में मस्ती करते नन्हें-मुन्ने। ● अमृत विचार

● **तक्षशिला स्कूल में ब्लू कलर वीक के तहत आयोजन**

**अमृत विचार:** तक्षशिला पब्लिक स्कूल के प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों ने ब्लू कलर वीक के अंतर्गत स्वीमिंग का आनंद लिया। एक्टिविटी ऑफ द वीक के तहत नन्हें-मुन्नों ने गर्मी में कृत्रिम पूल में जल क्रीड़ा कर आनंद लिया।

स्कूल की ओर से बच्चों को स्वीमिंग कॉस्टयूम उपलब्ध कराई गई। इस दौरान बच्चों ने वाटर प्ले के साथ तैराकी भी सीखी। सह संयोजिका निधि तिवारी ने तैराकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। तैराकी सर्वोत्तम व्यायाम है, जो सेहत के लिए लाभकारी है। यह एक खेल होने के साथ एरोबिक भी है। प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने स्वीमिंग का महत्व समझाते हुए कहा कि तैराकी करने वाला व्यक्ति हर समय तनावमुक्त रहता है। वहीं यह बच्चों के लिए मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ साधन भी है। इससे बच्चों का शारीरिक विकास भी होता है। व्यवस्था में आशा, राधिका, बुशरा, सुशीला, सोनम, अर्पणा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# पुवायां की ममता शुक्ला को शिक्षा शास्त्र में मानद उपाधि

संवाददाता, पुवायां


दिल्ली में सम्मान प्राप्त करतीं शिक्षिका ममता शुक्ला।

**अमृत विचार:** शिक्षिका ममता शुक्ला को शिक्षा शास्त्र में मानद उपाधि दी गई है।

उन्हें यह उपाधि विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण सरंक्षण आयोग द्वारा शिक्षाशास्त्र व सामाजिक कार्य में दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित इवेंट सेरेमनी में मुख्य अतिथियों नाबा कुमार सरनिया के एमपी, आचार्य यीशु डिप्टी स्पीकर ऑफ तिब्बत पार्लियामेंट, जे. किशन रेड्डी मिनिस्टर ऑफ टूरिज्म एन्ड कल्चर डेवलपमेंट, विष्णु प्रसाद बरल, स्किल इंडिया फाउंडर की उपस्थिति में दी गई। ममता वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका है व शाहजहांपुर में राज्य संदर्भदाता समूह निपुण भारत मिशन उत्तर प्रदेश की सदस्य (एसआरजी) है।

# यातायात नियमों का पालन करने की अपील

संवाददाता, कलान



प्रमाण पत्र के साथ छात्र-छात्राएं व अतिथि। ● अमृत विचार

● **मदर टेरेसा स्कूल में ''जान है तो जहान है'' के प्रतियोगी सम्मानित**

**अमृत विचार:** कस्बे में मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम जान है तो जहान है, कार्यक्रम के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख के ससुर रामगोपाल वर्मा ने कहा कि रोड यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों के पालन से हम सुरक्षित रह सकते हैं। राज्य पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मोहित मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सीडब्ल्यूसी के सदस्य मुनीश सिंह परिहार आदि ने छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और प्रमाण वितरित किए। इस मौके पर विवेक पाठक, गोविंद सिंह, रामभानु, शिवांक, नफीस, शेखर यादव, राममूर्ति कश्यप, रामरतन सिंह, फिजा खान, रिजा खान, सुमन, स्वाती, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश सिंह परिहार ने किया।

# बैडमिंटन के विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर बढ़ाया उत्साह


खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया और कोच।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **27 और 28 अप्रैल को शटलर बैडमिंटन अकेडमी की ओर से हुआ था आयोजन**

**अमृत विचार:** बरेली में 27 और 28 अप्रैल को शटलर बैडमिंटन अकेडमी द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, हथौड़ा के खिलाड़ी ऋषभ कुमार दिनकर ने अंडर-14 और ओम अरोड़ा व ऋषभ कुमार दिनकर ने डबल्स मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की है। अंडर-14 वर्ग में ही स्वास्तिक अग्रवाल और अंडर-17 वर्ग में ओम अरोड़ा उपविजेता रहे।

हथौड़ा स्टेडियम में शुक्रवार को विजेता खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक अतुल कुमार, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, शिव प्रताप सिंह आदि ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# लोगों के साथ व्यापारियों ने ली वोट डलवाने की शपथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बहादुरगंज में मतदाताओं के वोट डलवाने की शपथ लेते व्यापारी एवं आमजन। ● अमृत विचार

● **उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का वोटर जागरुकता अभियान**

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वोटर जागरुकता अभियान के तहत लोगों को शपथ दिलाकर वोट डालने का संदेश दिया। इस दौरान व्यापारियों ने भी लोगों को जागरुक करने की शपथ ली।


शुक्रवार को व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी बहादुरगंज चौराहे पर एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि पिछली बार नगर में वोट डालने की प्रतिशत कम थी, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस बार पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए लोग वोट डालें, जिससे जनपद को नई पहचान मिल सके। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि सभी बाजार इकाइयों के सदस्य वोट डालने की अपील वाले होर्डिंग्स बनवाकर बाजार में लगवाएं, ताकि लोग वोट का महत्व समझते हुए मतदान करें।

कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता आशीष त्रिवेदी, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री नारायण दास अग्रवाल, युवा ज़िला अध्यक्ष व प्रदेश संगठन मंत्री उवैस हसन खां, महामंत्री अमित शर्मा, कंचन गुप्ता, महेंद्र दुबे, अखिल मिश्रा, मधुरेश गुप्ता, मोहम्मद नासिर, रेहान मिर्ज़ा, सच्चिदानंद, अशोक गुप्ता, पंकज टंडन, बंटी कालरा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पहले मतदान फिर करेंगे जलपान

**तिलहर।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले शुक्रवार को मतदाता जागरुकता गोष्ठी का आयोजन हाईवे स्थित एक होटल में किया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव धर्मेंद्र धामा की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में उन्होंने कहा कि संगठन लगातार भारत सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग करता रहा है, जिससे देश खुशहाली और समृद्धि की ओर बढ़े। लोगों से लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को पहले मतदान, फिर जलपान का नारा देते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने कहा कि मतदान से ही मजबूत सरकार मिलेगी। इस दौरान मौजूद रहे राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री यशवंत कुमार मैथिल ने भी नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। गो रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने कहा कि युवा आगे आकर जिम्मेदारी निभाएं। गोष्ठी में फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा, कृष्णा गंगवार, हरिओम वर्मा आदि मौजूद रहे।



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# छात्र का अपहरण, लोगों ने पीछा कर छुड़वाया

## छात्र के शोर मचाने पर लोगों ने कार चालक को दबोच लिया, पांच अन्य अपहृता फरार

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचारः** दिनदहाड़े कार सवार छह लोगों ने हाईस्कूल के छात्र का अपहरण कर लिया। छात्र के शोर मचाने पर लोगों ने कार का पीछा कर मंडी के समीप रोक लिया। अपहताओं के चंगुल से छात्र को मुक्त करा चालक को दबोच लिया। अन्य अपहता भाग गए। पुलिस ने तीन नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कोतवाली के मोहल्ला हयातपुरा निवासी मुनेंद्र कुमार का पुत्र श्लोक कुमार सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र है। शुक्रवार की दोपहर एक बजे छुट्टी के बाद वह स्कूटी से स्कूल के बाहर निकला। संजय सरस्वती विद्या मंदिर के सामने खड़ी हुंडई कार में सवार छह लोगों ने श्लोक की स्कूटी रुकवा ली और उसे जबरन कार में डालकर रोजा की ओर कार भगा दी। श्लोक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चे को शोर मचाते देख लोगों ने कार का पीछा करना शुरू कर दिया, जिससे अपहर्ता घबरा गए। उन्होंने जाम से बचने के लिए कार रोजा मंडी में घुसा दी। निकलने का रास्त नहीं देख अपहर्ता श्लोक को छोड़कर भाग गए। चालक कार लेकर भागता तब तक लोगों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।


अपहताओं के चंगुल से छूटा छात्र श्लोक।



इसी कार से किया गया था छात्र का अपहरण।

> तहरीर के आधार पर तीन नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।
> –**राजीव कुमार**, थाना प्रभारी

- **स्कूल से स्कूटी से निकले छात्र को रास्ते में पकड़कर कार में डाल लिया**
- **तीन नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

> सुदामा स्कूल के एक छात्र के अपहरण की सूचना पर मौके पर फोर्स भेजा गया। छात्र की सकुशल बरामदगी कर ली गई और एक अपहर्ता को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान यह बात निकलकर आई कि श्लोक व 12 वीं के एक छात्र के बीच एक माह पहले विवाद हो गया था। उसके दोस्तों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। अभियोग पंजीकृत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।
> –**अमित चौरसिया**, सीओ सदर

दिनदहाड़े अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस फोर्स लेकर पहुंच गए जहां लोगों ने चालक को सौंप दिया। छात्र के परिजन भी पहुंच गए। बेटे को सकुशल पाकर खुशी में आंसू छलक आए।

छात्र के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अपहर्ता बेटे को हत्या करने के उद्देश्य से ले जा रहे थे। भागते समय धमकी दे गए कि यदि पीछा किया तो जान से मार देंगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार चालक थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव महोलिया निवासी राज प्रताप, रोजा निवासी शिवम, थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी प्रशांत और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। चालक से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है, साथ ही अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

# कोचिंग पढ़ने गई छात्रा लापता सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पुवायां

- **पीड़ित पिता ने बेटी के साथ जताई अनहोनी की आशंका**

**अमृत विचारः** कोचिंग पढ़ने गई छात्रा के घर वापस नहीं लौटने पर पीड़ित पिता ने तहरीर देकर सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिपोर्ट में पिता ने बताया कि उसकी 18 वर्षीया बेटी 29 अप्रैल को कोचिंग पढ़ने गई थी। वह उसे छोड़ कर चले गए, छुट्टी के समय जब भतीजा लेने पहुंचा तो बेटी कोचिंग से गायब थी। तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं लगा। इसके बाद उसने थाने पर सर्वजीत सिंह, करतार सिंह, मनजोत सिंह ,सरबजीत की मां बलविंदर कौर, बहन अमन कौर सभी निवासी गांव बेला मदारपुर उसके दोस्त प्रतिपाल सिंह व नरेंद्र सिंह के खिलाफ तहरीर देकर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़ित ने बताया कि प्रतिपाल सिंह की दुकान कोचिंग सेंटर के सामने है जिस पर सर्वजीत सिंह रोजाना बैठता था। पुत्री को गायब करने में इन सभी की भूमिका है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी के साथ कोई भी घटना हो सकती है। सर्वजीत की मां ने अपने प्रेमी लड्डू सिंह के साथ मिलकर पति को गोली मारी थी, जिसका मुकदमा पुवायां थाने में पंजीकृत है। अभी जमानत पर बाहर है।

### किशोरी को अगवा करने का आरोप

**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 29 अप्रैल की रात दस बजे उसकी 13 वर्षीया पुत्री के घर बाहर शौचालय में लघुशंका करने के लिए गयी। वह वापस लौटकर नहीं आई। उसकी तलाश की गई तो पता नहीं चला। अगले दिन सुबह पता चला कि गांव का प्रधूम उसकी बेटी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की ली है।

## एक नजर

### शराब पीने का विरोध करने पर पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** खुटार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी निशार खां ने बताया कि 1 मई को पुवायां थाना के गांव विक्रमपुर निवासी विजय सिंह ने फोन कर उसे अपने गांव बुलाया और कहा कि दावत है। वह बाइक से विक्रमपुर गांव गया। उसे तथा खुटार के छत्रपाल को गांव निवासी मनोरमा के घर बैठाया। निशार खा, विजय सिंह तथा छत्रपाल मीट खाने लगे। एक बोतल में पेप्सी रखी थी। विजय ने एक गिलास में निशार को पेप्सी भरकर दी। निशार ने पेप्सी पी तो उसमें शराब मिली हुई थी। उसने आरोपी विजय सिंह से कहा कि पेप्सी में मिलाकर शराब क्यों दी। इस बात से वह नाराज हो गया। आरोपी ने जान से मारने की नीयत से निसार पर धारदार हथियार से प्रहार किया, जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुवायां पुलिस ने विजय सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सूखा-बाढ़ कंट्रोल रूम एक जून से होगा सक्रिय

**शाहजहांपुर।** अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड सुनील कुमार भास्कर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी सूखा व बाढ़ से निपटने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। 1 जून से 31 अक्टूबर तक शारदा नहर खंड के पुवायां मार्ग स्थित कार्यालय में सूखा व बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी है, जिसका दूरभाष नंबर 05842-222910 है। सूखा व बाढ़ से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत की सूचना इस नियंत्रण कक्ष को दी जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष 1 जून से 31 अक्टूबर तक 24 घंटे खुला रहेगा। सूखा व बाढ़ नियंत्रण कक्ष की प्रभारी सहायक अभियंता तृतीय नेहा वर्मा रहेगी, जिनका मोबाइल नंबर 7355703129 है। इस नंबर पर संपर्क कर उनसे जानकारी ली जा सकती है।

### दावत खाने गए युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी सन्नी ने बताया कि 27 अप्रैल को रात 11 उसका भाई कुनाल मोहल्ला ककरा कला में अरविंद के यहा दावत में गया था। भाई अपने दोस्त दीपक के साथ दावत में बात कर रहा था। मोहल्ला मक्कू बजरिया के शिवम ने कुनाल से कहा कि धीमी आवाज में बोलो। उसका भाई चुप हो गया। इस दौरान विवाद हो जाने से शिवम आदि ने उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने शिवम शर्मा, बालक राम, अरविंद सिद्धांत शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विपिन हत्याकांड में पुलिस को विसरा रिपोर्ट का इंतजार, आरोपी दे रहे धमकी

संवाददाता, खुटार

- **पीड़ित ने एसपी को भेजे पत्र में कहा- महिला ने दो मित्रों के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम**

**अमृत विचार :** विपिन हत्याकांड में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से पुलिस विसरा रिपोर्ट का इंतजार रही है, वहीं आरोपी पीड़ित परिवार को समझौता नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने इस संबंध में एसपी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि महिला ने अपने दो मित्रों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। जिनके नाम दर्ज कराई गई रिपोर्ट में छूट गए थे, उन्हें रिपोर्ट में शामिल किया जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए।

गांव महेशापुर निवासी सेवाराम ने बताया कि उसके छोटा भाई विपिन कुमार कश्यप की शादी तय हो गई थी। 28 अप्रैल को शादी होनी थी। विपिन के गांव की महिला खुशबू से संबंध थे। भाई ने उसे 40 हजार रुपये उधार में दिए थे। इसके अलावा वह जो कमाता था वह भी उसे दे देता था। 12 अप्रैल को विपिन रुपये लेने खुशबू के घर गया था।

> शराब में जहर मिलाकर पिलाने की परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। इसलिए विसरा सुरक्षित रखवाया गया था। विसरा की रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

जहां गांव के एक व्यक्ति ने भाई के साथ पिटाई की थी। उक्त व्यक्ति के भी उसी महिला से संबंध है। जिस कारण वह विपिन से रंजिश मानने लगा था। 13 अप्रैल को खुशबू ने उसके भाई को घर बुलाया था। जहां महिला ने दो लोगों के साथ मिलकर उसके भाई को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर जबरदस्ती पिला दिया था। ब्रह्मबाबा स्थान पर विपिन बेहोशी की हालत में मिला था। 14 अप्रैल को डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। 15 अप्रैल को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। 16 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी खुशबू वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़ित सेवाराम ने बताया कि घटनाक्रम में शामिल दो आरोपी के नाम प्रार्थना पत्र में लिखने में गलती से छूट गए थे। जिससे दोनों आरोपी के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की जाए।आरोपी धमकी दे रहे हैं कि मुकदमा में राजीनामा नहीं लिया तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। आरोपी राजनीतिक पहुंच वाले हैं। जिससे उसे और उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित सेवाराम ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों को जेल भिजवाने की मांग की है।

# दुष्कर्म मामले में एक अभियुक्त को 10 वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर एक आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना कांट क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक वर्ष पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि गांव भित्तिया पौकी निवासी संजीव रात में घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। उसके विरोध के बावजूद दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला न्यायालय में भेज दिया।

एएसजे, एफटीसी कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त संजीव का 10 वर्ष का कारावास व 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में बरेली के जेसीबी इंजीनियर समेत दो की मौत, कोहराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **तिलहर में नगरिया मोड़ और मिर्जापुर क्षेत्र में हुए हादसे**

**अमृत विचारः** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में जेसीबी के इंजीनियर समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसा तिलहर और मिर्जापुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जेसीबी इंजीनियर बरेली का रहने वाला था।


मृतक नेत्रपाल।

**तिलहर।** बरेली जिले के बिथरी चैनपुर थाने के गांव अहियापुर निवासी नेत्रपाल(40) जेसीबी कंपनी में इंजीनियर था। गुरुवार को कंपनी से उसके पास फोन आया कि पुवायां की शर्मा कंस्ट्रक्शन कंपनी में जेसीबी खराब है और उसे देख लो। पुवायां पहुंचकर उसने जेसीबी ठीक की। वह पुवायां से रात नौ बजे बाइक से बरेली जा रहे थे। हाईवे पर नगरिया मोड़ पर वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। तिलहर पुलिस घायल को सीएचसी पर ले गई। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बरेली से परिवार वाले तिलहर थाने पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी का नाम ममता देवी और तीन बच्चे है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के गांव पटकपुरा निवासी कन्हैया वर्मा(25) गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे दुकान से सौदा खरीदकर पैदल घर आ रहे थे। गांव में बाइक ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। युवक बाइक लेकर भाग गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी का नाम हेमवती तथा तीन बच्चे है। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### घायल की इलाज के दौरान मौत

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर के ग्रामीण बच्चे का मुंडन कराने ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा रहे थे। 23 अप्रैल को निगोही तथा तिलहर रोड जनियुरी गांव के सामने अचानक ट्रॉली पलट गई थी। ट्राली में सवार कई लोग घायल हो गए थे। घटना वाले दिन मुरली समेत दो की मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल विश्नू(40) को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। घायल की इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# पुवायां में सूने पड़े गेहूं क्रय केंद्र, खरीद न हो रहा उठान

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** पुवायां मंडी में लगे सरकारी क्रय केंद्रों पर गेंहू की खरीद हो रही और न ही उठान हो रहा। उठान नही होने के कारण सरकारी गेंहू खुले में लगा है जो कि बरसात होने पर खराब हो सकता है।

इस वर्ष गेहूं खरीद के लिए सरकार ने काफी प्रयास करते हुए प्रचार किया, जिसके बाद भी सरकारी क्रय केंद्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं की खरीद नहीं हो पा रही। किसानों ने खुले बाजार में गेहूं की बिक्री कर दी। केंद्र प्रभारी किसानों के क्रय केंद्र तक आने का इंतजार करते रह गए। जब लक्ष्य के सापेक्ष खरीद नहीं हुई तब फिर क्रय केंद्र प्रभारी ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए गांव-गांव दौड़ लगानी शुरू की और किसानों को क्रय केंद्र पर गेहूं बिक्री के लिए प्रेरित करते हुए मोबाइल खरीद शुरू कर दी। इधर, खरीदा गया गेहूं मंडी में सुरक्षित रखने के बजाय ऐसे ही बोरियों में भरकर खुले आसमान के लिए लगा दिए गए और खरीद लक्ष्य पूर्ति में इस ओर से ध्यान हटा दिया। जबकि इधर मौसम विभाग ने चार से सात मई तक मौसम खराब होने की संभावना जताई है, यानि शनिवार को किसी भी समय मौसम खराब हो सकता है और तब फिर खुले में पड़े गेहूं को सुरक्षित करने के लिए अचानक इंतजाम करना मुश्किल हो जाएगा। बरसात होने से क्रय केंद्रों पर खुले में लगा हजारों क्विंटल सरकारी गेहूं खराब हो सकता है।


पुवायां मंडी में आरएफसी के क्रय केंद्रों पर खुले में लगा सरकारी गेहू। ● अमृत विचार

- **सात मई तक मौसम खराब होने की जताई जा रही संभावना**
- **पुवायां मंडी में खुले में पड़ा गेहूं लक्ष्य पूर्ति को गांवों में दौड़ रहे अधिकारी**

> ठेकेदार की लापरवाही व उतार की व्यवस्था अच्छी नहीं होने के कारण उतार तेज गति से नही हो रहा, जल्द ही खुले में लगे गेहूं को लोड कराकर भेज दिया जाएगा। –**आरके दुबे**, मंडी इंस्पेक्टर/ केंद्र प्रभारी

> **खुले में नहीं लगेगा गेहूं**
> गेहूं खरीद नियमावली के अनुसार खुले में सरकारी गेहूं नहीं लगाया जा सकता। यदि गेहूं खुले स्थान पर लगा है तो जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।
> – **संजय पांडेय**, एसडीएम पुवायां

### ठेकेदार गेहूं उतारने में कर रहे आनाकानी

आरएफसी के केंद्र प्रभारियों ने मनमाने तरीके गेंहू खरीद कर स्टॉक लगा दिया और अब ठेकेदार से गेहूं लोड कराकर उतारने को कह रहे है। ठेकेदारों का कहना है कि गेहूं में नमी या मिट्टी होने पर गाड़ी वापस किये जाने की जिम्मेदारी कौन लेगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में दो युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को 112 नंबर टीम ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को देर शाम 8:00 बजे नेशनल हाईवे स्थित धनेली पल्टू गांव के सामने हादसा हो गया। बरेली की तरफ से बाइक सवार जीत सिंह और सत्येंद्र सिंह बरेली से अपने गांव फतेहपुर खुर्द जा रहे थे। तभी अचानक भट्टे से ईंट भरकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# डिवाइडर से टकराया तेज रफ्तार टेंपो, दो लोग घायल

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार जा रहे टेंपो का अगला पहिया निकल जाने से वह असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे टेंपो में सवार चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल भिजवाया गया।

शुक्रवार की दोपहर हथौड़ा चौराहे से रेती की ओर तेज रफ्तार से जा रहे टेंपो का अगला पहिया सुदामा प्रसाद जूनियर स्कूल के पास निकल गया। जिससे टेंपो असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सर्वेश कुमार पुत्र भगवान निवासी छीतेपुर थाना रोजा व थाना सदर बाजार निवासी कृष्ण कुमार पुत्र स्व. कालिका गंभीर रूप में घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते चीता मोबाइल के सिपाही मौके पर पहुंच गए और दोनों घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया।


डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त टेंपो।

- **सुदामा प्रसाद जूनियर स्कूल के पास निकला अगला पहिया**

# प्रशासन ने किया था जिला बदर इलाके में घूमते हुए धरे गए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **एक के पास मिला चाकू, दूसरा तंमचा लेकर घूम रहा था**

**अमृत विचारः** जिले के दो थानों की पुलिस ने दो जिला बदर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चाकू तथा तमंचा बरामद किया है।

मदनापुर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि धनवीर सिंह निवासी ढुकरी खुर्द थाना निगोही को जिला प्रशासन को एक माह पूर्व जिला बदर किया था। शुक्रवार सुबह दस बजे सूचना मिली कि गांव ढिपिया ढुकरी कला मोड़ पर धनवीर सिंह घूम रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। जिला बदर अपराधी पर पहले से तीन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक उदयवीर सिंह तथा गौरव सोलंकी थे। गढ़िया रंगीन एसओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त सरवन निवासी खमरिया थाना गढ़िया रंगीन को जिला प्रशासन ने दो माह पूर्व जिला बदर किया था। शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि अपराधी गांव के बाहर घूम रहा है। पुलिस ने सरवन को गिरफ्तार कर तमंचा व कारतूस बरामद किया है। उस पर पहले से 9 मुकदमे विभिन्न धाराओं के दर्ज है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में सुभाष चंद्र तथा अशोक कुमार थे।

### तीन दिन से छात्रा को आ रहा था बुखार, मौत

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाडूजई निवासी 17 वर्षीया छवि राठौर पुत्री संजीव राठौर आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी। छात्रा को तीन दिन से बुखार आ रहा था। उसकी तबीयत अधिक खराब होने परिवार वाले एक निजी अस्पताल में ले गए। इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई।

# कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 फरवरी को सुबह सात बजे घर पर अकेले थी। गांव के दो लोग उसके मकान में घुस आए। महिला का आरोप है कि दोनों लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने धमकी दी कि रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी प्रमोद सत्ता पक्ष के नेता का कार का ड्राइवर है और पुलिस ने नेता के दबाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो महिला कोर्ट की शरण में गई। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपी प्रमोद कुमार, रामाशंकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**दिक्कत** — ट्रेन में चढ़ने को लेकर आए दिन होती है मारपीट, चलती ट्रेन पर चढ़ने से चोटिल हो जाते हैं यात्री

# ट्रेन के दो मिनट के स्टॉपेज से यात्री और व्यापारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के दो मिनट का स्टापेज है। दो मिनट के स्टापेज तथा भीड़ को लेकर अधिकांश यात्री कोच में चढ़ नहीं पाते है। आए दिन चलती ट्रेन में चढ़ने से गिरकर चुटैल हो जाते है। यात्रियों में आपस में मारपीट तक हो जाती है। उधर ट्रेन के पार्सल यान में व्यापारियों का सामान का नग न उतरने से व्यापारियों का सामान आगे चला जाता है। इसलिए व्यापारियों ने ट्रेन से सामान मंगाना बंद कर दिया है।

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट तथा एक्सप्रेस ट्रेन के 110 ट्रेनों के स्टापेज है। प्रत्येक ट्रेन का स्टापेज दो मिनट का है। दो मिनट का स्टापेज को लेकर कोच से यात्री उतरते है और चढ़ते है। कोच में से उतरने वाले यात्री सोचते है कि स्टापेज कम है, इस लिए पहले उतर जाए। इसी प्रकार ट्रेन में चढ़ने वाले यात्री भी यह सोचते है कि कहीं उनकी ट्रेन छूट न जाए। कोच से उतरने तथा चढ़ने वाले यात्रियों की आपस में नोकझोंक तक हो जाती है और आए दिन यात्रियों में मारपीट तक हो जाती है। तीन दिन पूर्व अप लाइन की चंडीगढ़ एक्सप्रेस में चढ़ने को लेकर यात्रियों में जमकर मारपीट तक हो गई थी। दो मिनट के स्टापेज को लेकर कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। दो मिनट के स्टापेज में यात्री चढ़ नहीं पाता तो चलती ट्रेन पर लोग चढ़ते है और पैर स्लिप हो जाने से प्लेटफार्म पर गिर जाते है।

कभी-कभी ट्रेन में यह होता है कि व्यक्ति सामान लेकर कोच में चढ़ जाता है और बच्चे प्लेटफार्म पर रह जाते है। इस तरह यात्री आए दिन चेन पुलिंग करके ट्रेन को रोक देते है। आरपीएफ पहुंचती है तो यात्री को उल्टा बंद करने की धमकी देती है। पार्सल विभाग के कर्मचारी भी परेशान है। कर्मचारियों का कहना है कि पार्सल यान का डाला खोलते-खोलते दो मिनट हो जाता है। इस लिए पार्सल यान में लोडिंग तथा अन लोडिंग नहीं हो पाती है। इसी लिए व्यापारियों ने ट्रेन से सामान मंगाना बंद कर दिया है। जबकि पहले ट्रेन का पांच मिनट का स्टोपज था। यात्रियों ने मांग की है कि ट्रेन का पांच मिनट का स्टापेज किया जाए।



स्टेशन पर खड़ी ट्रेन और यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

### डीआरएम से की शिकायत

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी अतुल कुमार पाण्डे ने डीआरएम को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि 17 अप्रैल को ट्रेन संख्या 5274 रक्सौल एक्सप्रेस में यहां से गोरखपुर के लिए 11 यात्रियों का स्लीपर कोच में रिजर्वेशन था। ट्रेन रात में 23 बजकर 55 मिनट आयी थी। ट्रेन के स्लीपर के वारे में कोई एनाउंस नहीं किया गया था। दो मिनट के स्टापेज में 11 यात्रियों की ट्रेन छूट गयी थी। कोच के बारे में जानकारी नहीं हो पायी थी और कोच की तलाश में यात्री इधर-उधर प्लेटफार्म पर भाग रहे थी। इस मामले की जांच की जा रही है।

### देरी से पहुंची यह ट्रेनें

**शाहजहांपुर।** डाउन लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से पांच घटे, पंजाब मेल तीन घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस पांच घंटे, सियालदहा एक्सप्रेस सात घंटे, प्रयागराज- संगम एक्सप्रेस ढाई घंटे तथा अप लाइन की बेगमपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से साढ़े चार घंटे, सरयू यमुना एक्सप्रेस साढ़ छह घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस 16 घंटे, कोलकाता- सियालदहा एक्सप्रेस 13 घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस चार घटे, सदभावना एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे विलंब से पहुंची। सबसे अधिक परेशानी रिजर्वेशन यात्रियों को हुई है। कई यात्रियों ने अपने टिकट काउंटर पर वापस कर दिए।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धु नगर, बरेली



डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप



डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S.,
F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ



डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. यशवीर
M.B.B.S., M.S., M.C.H
Neurosurgeon
दिमाग एवं रीड़ की हड्डी के विशेषज्ञ

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

डॉ. जावेद ए. खान
M.B.B.S., M.S., Orthopedic
Surgeon Truama & Joint Replacement

FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR




EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0584-2990926
0581-2990928


# गिरफ्तार किए जाएं जानलेवा हमले के आरोपी

## रामचंद्र मिशन क्षेत्र की घटना को लेकर राष्ट्रीय गो रक्षक संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीड़ित परिवार ने जताया खतरा घटना के बाद दहशत में है परिवार

**अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र मिश्रीपुर में महिला सहित दो लोगों की गैर समुदाय के लोगों से मारपीट की घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी ने पीड़ितजनों के साथ खिरनीबाग चौराहे पर प्रदर्शन कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर गिरफ्तारी की मांग की।

प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी के नेतृत्व में दर्जनों दल के कार्यकर्ता शुक्रवार को कलेक्ट्रेट गेट पर एकत्र हुए और जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए खिरनीबाग चौराहे पर पहुंचे। जहां उन्होंने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव को जिलाधिकारी के नाम संबोधित पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक दबंग ने अपने अपने गुर्गों की

> रामचंद्र मिशन क्षेत्र की घटना में जो नामजद आरोपी फरार हैं। उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। जिसके लिए संबंधित थाने की पुलिस प्रयासरत है।
> – **दुर्गेश यादव**, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट

मदद से घर में बंद करके महिला व उसके पति के साथ मारपीट व लूटपाट कर महिला के साथ बदसलूकी की।

आरोप हैं कि रामचंद्र मिशन पुलिस आरोपियों के साथ मिली हुई है। जब कोई कार्रवाई नहीं की तो मजबूरन जाम लगाकर प्रदर्शन किया तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। तीन आरोपी को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है, जिससे पीड़ित परिवार जान का खतरा बना हुआ है। मांगपत्र में मांग की गई कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर गैंगस्टर व रासुका लगाई जाए, थाने में तैनात दरोगा शिवम यादव की भूमिका की जांच कर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन करने वालों में पीड़ित परिवार के रामदेव पांडे, सत्यदेव पांडे, शिवम पांडे, अखिलेश पांडे, दिनेश कुमार त्रिपाठी, शैलेश, विमलेश के अलावा अनीस खां, राजेन्द्र पटवा, अंकुर शुक्ला, गोविंद मिश्रा, गौरव शुक्ला, शोभित गुप्ता, विवेक मिश्रा, जगवीर, मदनलाल, अनुज द्विवेदी, सोवेंद्र सिंह, दिव्यांशु बाजपेयी आदि मौजूद थे।



जुलूस निकाल कर प्रदर्शन करते राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के कार्यकर्ता। • अमृत विचार



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव को ज्ञापन सौंपते संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी।

# संगठन को मजबूत किए जाने पर जोर

संवाददाता,निगोही

- निगोही ब्लॉक में हुई भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की पंचायत

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ब्लॉक परिसर में पंचायत हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह धारीवाल ने संगठन को मजबूत किए जाने पर बल दिया।

शुक्रवार को हुई पंचायत में उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संगठन को मजबूत बनाएं। किसी भी राजनैतिक पार्टी के लिए वोट के लिए न कहें, क्योंकि हम और हमारा संगठन अराजनैतिक है। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष माधुरी कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष पूसेलाल, रक्षपाल, मलिखान, रजनीश पाल, नरेश सिंह, मुकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।



पंचायत में मौजूद भाकियू पदाधिकारी। • अमृत विचार

### भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पुवायां।** भारतीय किसान यूनियन( अराजनैतिक ) गुट के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि पात्रों को आवास दिया जाए, विद्युत उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदलवाए जाए, मकसूदापुर चीनी मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र कराया जाए, किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए। ज्ञापन देने वालों में सुधा देवी, उषा देवी, कटोरी देवी, सुभाषिनी देवी, रामखेलौना, इंदिरा देवी, ममता, रामवती, प्रेमवती, तोता, मुरारी, राम लखन आदि मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



जलालाबाद क्षेत्र में वोट मांगतीं सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान जारी रखते हुए जलालाबाद क्षेत्र में वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आदि से मुक्ति दिलाने के लिए वोट देने का आह्वान किया।

ज्योत्सना कश्यप ने शुक्रवार को भारी लाव-लश्कर के साथ समर्थन जुटाने का सिलसिला जारी रखते हुए जलालाबाद विधानसभा में जनता से समर्थन व आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता पूरी एकजुटता के साथ भाजपा के खिलाफ वोट करेगी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर सरकार बनाने में सहायक बनेगी। इस दौरान उन्होंने जलालाबाद तहसील में अधिवक्ताओं से भी मुलाकात कर वोट और समर्थन देने की अपील की।

# बसपा उम्मीदवार दोदराम वर्मा ने कटरा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बसपा के लोकसभा प्रत्याशी दोदराम वर्मा ने कटरा विधानसभा क्षेत्र के फीलनगर, रमापुर, खिरिया सकटू, कसरक, परशुरामपुर, पोसिल, हरिहरपुर, मधुपुरी गौटिया, कुसक आदि गांवों का भ्रमण कर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने छुट्टा पशुओं के आतंक से छुटकारा पाने के लिए अपने पक्ष में मतदान किए जाने को कहा। भ्रमण में दोदराम वर्मा के साथ अजय सागर, अरविंद कठेरिया, रिषिपाल बौद्ध, अमरेश कुमार, हरपाल सिंह, प्रेमचंद, नरेंद्र सागर, भाई लाल, अनिल कठेरिया, बालकरण गौतम, हरिराम कश्यप आदि शामिल रहे।

# सरकार बनाने को एकजुट होकर करें मतदान

संवाददाता, खुटार/ पुवायां/ बंडा

- वित्त मंत्री और सांसद प्रत्याशी ने पुवायां, बंडा व खुटार में की बैठक

**अमृत विचार:** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण सागर के साथ पुवायां, बंडा और खुटार में क्षेत्र के ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्यों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानों और पंचायत सदस्यों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने और कराने की अपील की। देश निर्माण और विकास कराने को फिर से मोदी सरकार बनाने को एक जुट होकर हर बूथ पर कमल खिलाना है।

लोकसभा प्रत्याशी व सांसद अरुण सागर ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से देश में मोदी सरकार आई है। तब से देश के हालात सुधरने लगे हैं। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के हर गरीब परिवार को मिला है। कन्या सुमंगला योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, जनधन योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य से भी जुड़ी योजनाओं को जमीन पर लाकर गरीबों को दिलाया गया। आयुष्मान कार्ड से गरीबों को पांच लाख रुपये का निःशुल्क इलाज दिया गया। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के लिए करोड़ों रुपये का बजट पास कराया। नेशनल हाईवे से लेकर हुलासनगरा रेलवे क्रॉसिंग का काम तेजी से कराया गया। अब हाईवे पर चलने वालों की यात्रा सुगम हो गई है। किसानों के लिए तमाम योजनाएं बनाकर उसको धरातल पर उतारा गया।



खुटार में वित्त मंत्री और सांसद प्रत्याशी अरुण सागर का बड़ी माला से स्वागत किया गया।

**हर वर्ग, हर धर्म के लिए चलाई योजनाएं : खुटार।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने खुटार में कहा कि सभी अरुण सागर को भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजें। शुक्रवार को नगर के पुवायां रोड स्थित एक पैलेस में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग, हर धर्म और जाति के लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर उन्हें लाभ देने का काम किया है। इस मौके पर विधायक चेतराम, एमएलसी सुधीर गुप्ता, उपेंद्र पाल, डॉ. प्रदीप शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी सोनू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीश दीक्षित, देवेश गुप्ता, राजेश दीक्षित, देव नारायण मिश्रा, पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला, राजू दीक्षित, प्रवीण मिश्र, अन्नु ठाकुर, लक्ष्मण गुप्ता, योगेश मिश्रा मिंकू, आलोक दीक्षित, अमित शुक्ला, अरुण शुक्ला, नितिन मिश्रा, कमल दीक्षित हरिओम मिश्रा बबलू, सचिन मिश्रा, सुरेंद्र मौर्य, रोहित शुक्ला, संत कुमार बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### वित्त मंत्री ने दी योजनाओं की जानकारी

**बंडा।** पूरनपुर मार्ग पर बने एक पैलेस में संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर के साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व वार्ड मेंबर के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक चेतराम, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह तोमर, पवन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इसक उर्फ बड़े लल्ला, मोहन मित्तल, अनिल कटियार, अनिल जायसवाल, बृजेश सिंह, शिव शंकर वर्मा, फतेहचंद वर्मा, परमजीत सिंह, राजेश यादव, मुनेंद्र सिंह, मो. शादाब, हारुन अंसारी, रोजे हसन समेत भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# बुजर्गों को मुफ्त इलाज की मोदी गारंटी: जेपीएस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के एक होटल में शुक्रवार को विशिष्टजनों की बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि शाहजहांपुर लोकसभा में भाजपा की आंधी चल रही है। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बदले जा रहे है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, गरीबों को पक्के मकान, मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि की मोदी गारंटी से विरोधियों को सांप सूंघ गया है। मोदी द्वारा गुंडे–माफियाओं को उल्टा लटकाने से प्रदेश की जनता खुश है। मंत्री राठौर ने कहा कि धारा 370 खत्म करने पर खून की नदियां बहा दी जाएंगी की धमकी देने वाली कांग्रेस को जम्मू कश्मीर की देशभक्त जनता ने करारा जवाब देते हुए पूरे जम्मू कश्मीर में तिरंगा फहराया। इस दौरा लोकसभा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी अरविंद सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, राजेश कुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, महेश पाल सिंह, प्रियांशु रघुवंशी, शरद कुमार सिंह, अंशुल सिंह चौहान, करुणाकांत दीक्षित, गोविंद गुप्ता, विजय चौहान, जयवीर सिंह, रामबहादुर शर्मा, त्रिवेंद्र सिंह, शिवनंदन आदि मौजूद रहे।



मंत्री जेपीएस राठौर।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE



Ph.: 9359110376
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

OAKWOOD WORLD SCHOOL
TRANSFORMING LIVES.... REALIZING POSSIBILITIES
A GROUP OF CHANGE
OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available



शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808 9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in

# दवा खत्म, मरीजों पर मंडराया एमडीआर का खतरा

## दवा बीच में छूटने से घातक हो जाती है टीबी, सरकार ने समय से नहीं भेजी नई खेप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** टीबी की दवा श्री एफडीसी जिले में 30 अप्रैल को खत्म हो गई है। अब मरीज दवा के लिए भटक रहे हैं। सरकार की ओर से नई दवा न भेजने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। यह दवा टीबी के मरीजों को दी जाने वाली चार दवाओं में से एक है। पूरी दवाएं न मिलने के कारण मरीजों का कोर्स बीच में छूट रहा है। ऐसे में टीबी के हजारों मरीजों पर एमडीआर टीबी (मल्टी ड्रग रजिस्टेंस) का खतरा मंडराने लगा है। दवा बीच में छूटने पर टीबी घातक एमडीआर में बदल जाती है और इसका इलाज दुर्लभ हो जाता है। एमडीआर के मरीजों को ठीक करना बड़ी चुनौती हो जाता है।

देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग से मुक्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में क्षय रोगी खोजी अभियान चलाकर मरीजों का उपचार शुरू किया जाता है। 24 नवंबर से पांच दिसंबर 2023 तक विशेष अभियान चलाकर मरीज खोजे गए थे। 288 टीमों ने सात लाख 17 हजार की आबादी में रोगियों की तलाश की थी। इस बीच 196 नए रोगी मिले थे। इसके साथ ही जिले में 4224 सक्रिय रोगी हो गए थे। इसी तरह वर्ष 2023 में एक जनवरी से नवंबर तक 8815 रोगियों को खोजा गया था। जिनमें से ज्यादातर ठीक हो चुके हैं। रोगियों को पोषण सामग्री दिलाने के लिए समाजसेवी संगठन, व्यापारी, चीनी मिल आदि से सहयोग लिया जा रहा है। इन रोगियों को समय पर इलाज किया जाता है ताकि वह ठीक होकर सामान्य जीवन जी सकें। वर्तमान में हजारों की संख्या में ऐसे मरीज हैं जो एमडीआर टीबी की दहलीज पर खड़े हैं। ऐसे लोगों को श्री एफडीसी दवा न मिल पाना इन्हें एमडीआर के दलदल में धकेल सकता है। एमडीआर टीबी का इलाज बहुत ही दुर्लभ, महंगा और समय लेने वाला होता है। साथ ही मरीजों को कई तरह की अन्य परेशानियां भी होती हैं। मरीज की जान को भी खतरा रहता है।



- 30 अप्रैल को खत्म हो चुकी है दवा भटक रहे मरीज

"जिले में टीबी की दवा की कमी है। शासन से नई खेप मांगी गई है ताकि मरीजों का इलाज बीच में न रोकना पड़े। जल्द ही दवा मिल जाएगी और यह समस्या खत्म हो जाएगी। हमारा प्रयास है कि किसी का भी इलाज बीच में न छूटे।
– **डॉ. आरके गौतम**, सीएमओ।

### क्या होता है एमडीआर

क्षय यानी टीबी के रोगी का जब बीच में इलाज छूट जाता है तो वह एक दिन एमडीआर (मल्टी ड्रग रजिस्टेंस) की स्थिति में पहुंच जाता है। यह टीबी की अगली स्टेज है। ऐसे रोगियों को शुरुआत में ज्यादा तकलीफ नहीं होती, लेकिन जब बीमारी लास्ट स्टेज में पहुंचती है तो वे अति गंभीर कुपोषित हो जाते हैं। उनके शरीर में ताकत नहीं रहती है। समय पर यदि ऐसे रोगियों को सही इलाज नहीं मिले तो इनकी जान जा सकती है।

### बहुत महंगा है इलाज

एमडीआर टीबी का इलाज प्राय: सरकारी अस्पतालों में ही मिल जाता है। जिसके चलते लोग प्राइवेट प्राइवेट में नहीं जाते हैं। अगर प्राइवेट में जाना पड़े तो यह इलाज बहुत महंगा है। आपको जानकर यकीन नहीं होगा, लेकिन ये सच है कि लास्ट स्टेज में पहुंच चुके टीबी के मरीजों को ठीक करने के लिए सरकार को लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज भले ही मिल जाता हो, लेकिन एमडीआर टीबी के इलाज में मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### क्षय रोग के लक्षण

- दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी और बलगम आना।
- बलगम के साथ खून का आना।
- भूख कम लगना, वजन गिरना।
- नियमित बुखार का बना रहना।
- सीने में दर्द और भारीपन होना।

#### बचाव

- दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर डॉक्टर को दिखाएं।
- दवा का पूरा कोर्स लें। डॉक्टर से बिना पूछे दवा बंद न करें।
- मास्क पहनें या हर बार खांसने या छींकने से पहले मुंह को पेपर नैपकिन से कवर करें।
- मरीज हवादार और अच्छी रोशनी वाले कमरे में रहें। एसी से परहेज करें। पौष्टिक खाना खाएं।

# दहेज उत्पीड़न में पति सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पिपरिया भागवंत निवासी राहुल वर्मा की पत्नी बबली देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता रामपाल वर्मा निवासी सरायं सुंदरपुर, कस्बा हजारा, जनपद पीलीभीत ने तीन वर्ष राजेंद्र वर्मा के बेटे राहुल वर्मा के साथ विवाह किया था। पिता ने हैसियत अनुसार काफी दान दहेज दिया था लेकिन ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे।

शादी के कुछ समय बाद पति और अन्य ससुराल वाले कम दहेज को लेकर आए दिन उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख नगद मांग की लेकिन पिता ने मांग पूरी नहीं की। इसके बाद कई बार पंचायत हुई। कुछ दिन पूर्व पति राहुल वर्मा, ससुर राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सास कमला देवी, ननद रानी देवी, रिंकी देवी, ननदोई विजय वर्मा ने उसके साथ पिटाई की और घर से निकाल दिया। शुक्रवार को पुलिस ने बबली देवी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# कार न देने पर तोड़ दी शादी, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव बाजपुर केसरी निवासी संजीव मिश्रा ने बताया कि उसने छह पूर्व पुत्री मांशी की शादी का रिश्ता आश्रय दीक्षित फतेपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी के साथ किया था। 14 दिसंबर 2023 को गोद भराई एक होटल में हुई थी। उसी दिन शादी की तारीख 26 अप्रैल 24 तय की गई थी। उन्होंने शादी के कार्ड भी छपवाए थे और शादी की व्यवस्था में 12 लाख रुपये खर्च हो गए थे। तारीख करीब आई तो लड़के पक्ष वालों ने कार की डिमांड की और न देने पर शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने आश्रय दीक्षित, राजीव दीक्षित तथा रेखा दीक्षित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चाकू से हमले का आरोप

**जलालाबाद।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर में बच्चों को लेकर विवाद के बाद भाभी व देवर में मारपीट हो गई। महिला ने देवर पर पुत्र श्यामू को चाकू मारने का आरोप लगाते हुए कहा कि चाकू गर्दन में लगने से वह घायल हो गया। शिकायत पर कोतवाल हरपाल सिंह बालियान मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे तो देवर फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि वह चाकू से नहीं से बल्कि साइकिल गिरने से घायल हुआ है।

# विज्ञान उपकरणों से कराया परिचित



बच्चों को विज्ञान उपकरणों की जानकारी देतीं शिक्षिका अर्चना सक्सेना। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में हुआ विज्ञान प्रयोगशाला परिचय कार्यक्रम

**अमृत विचार:** ददरौल स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में शुक्रवार को विज्ञान प्रयोगशाला परिचय कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को विज्ञान उपकरणों से परिचित कराया गया। विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका अर्चना सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को छोटे-छोटे प्रयोग दिखाकर उनमें वैज्ञानिक अभिरुचि विकसित करने का प्रयास किया।

प्रधान अध्यापिका रूफिया खान ने बताया कि विज्ञान प्रयोगशाला वह स्थान है, जहां उपयुक्त अभिव्यक्ति एवं निर्धारित प्रयोगों के समुच्चय को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करके मूल प्रायोगिक कौशलों को सिखाया जाता है। प्रधान अध्यापिका ने बताया कि प्रयोगशाला विधि आधुनिक शिक्षण पद्धति है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से गणित और विज्ञान में किया जाता है।

# बुकिंग क्लर्क की तैनाती नहीं रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट प्रभावित

संवाददाता, रौसर कोठी

- गांव रौसर कोठी में स्थित उप डाकघर रोजा का हाल

**अमृत विचार:** गांव रौसर कोठी में स्थित उप डाकघर रोजा में 15 दिन पहले बुकिंग क्लर्क का स्थानांतरण हो जाने के बाद अब तक किसी अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल समेत अन्य बुकिंग कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में कई बार डाक अधीक्षक से शिकायत किए जाने पर भी समस्या जस की तस है।

क्षेत्र के शिवमोहन, मोहम्मद आरिस, सचिन गुप्ता, आदेश द्विवेदी पंचम, हर्षित त्रिवेदी, लवी सिंह, कुलदीप मिश्रा, अनुराग सिंह, अजहरुद्दीन, जीशान, अनूप सिंह, विजय शंकर तिवारी, अतुल दीक्षित, शान मियां आदि ने प्रधान अधीक्षक डाक विभाग बरेली मंडल को भेजे पत्र में बताया कि करीब 15 दिनों पहले उप डाकघर रोजा से बुकिंग बाबू का स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद से वहां किसी की भी तैनाती नहीं की गई है। जिसके चलते स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल इत्यादि बुकिंग कार्य न होने के चलते भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। उप डाकघर जाने पर वहां तैनात कर्मचारी कार्य करने से इंकार कर देता है। इस संबंध में डाक अधीक्षक से भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन किसी भी कर्मचारी को वहां नियुक्त नहीं किया गया।

# दहेज के लिए बहू को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव धियरपुरा निवासी सोनी ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले मुनेंद्र निवासी धियरपुरा थाना जलालाबाद के साथ हुई थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वाले ताना मारा करते थे कि कम दहेज दिया है। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से बाइक तथा 50 हजार रुपये मंगाकर दो। सोनी के मना करने पर ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। उसका आरोप है कि 30 अप्रैल की रात नौ बजे ससुराल वालों ने मारपीट की और फांसी पर लटकाने का प्रयास किया। ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुनेंद्र, भूरा देवी, हरिपाल, रमेश, अनीता, विनीता, रीता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### यजमानों ने हवन में डाली आहूति

**पुवायां।** नाहिल में बाबा भूमिशयन यज्ञ सेवा समिति देवस्थान पर शुक्रवार को महायज्ञ का प्रारंभ हुआ। परम पूज्य 1008 महामंडलेश्वर स्वामी अनिरुद्धानंद तीर्थ जी महाराज के नेतृत्व में यजमानों ने विश्व कल्याण को हवन में आहुतियां डाली। पंडित रामप्रवेश शास्त्री रामकथा का गुणगान किया। इस दौरान शिवकरन मिश्रा, विपुल वाजपेयी, पिंकू वाजपेयी, निर्भय तिवारी, भगवान शंकर शुक्ला, यज्ञदेव वाजपेयी, संजीव बाजपेयी, पूरन मिश्रा, नीरज बाजपेयी मौजूद रहे।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी
भारतीय भेषजी परिषद् (PCI) से मान्यता प्राप्त
डी.फार्म/बी.फार्म
यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
डी एम एल टी / एक्स-रे
हम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। और स्वास्थ्य देखभाल में भविष्य के प्रयासों के लिए छात्रों को विकसित करते हैं। हम फार्मास्युटिकल उद्योग की चुनौतियों का ध्यान रखते हुए छात्रों को समाज की सेवा करने के लिए शिक्षित करते हैं। हम अपने छात्रों को एग्जिट परीक्षा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। अनुभवी और समर्पित संकाय हमारे संस्थान की पहचान हैं, जो छात्रों को शोध प्रकाशित करने और पेटेंट प्राप्त करने में लगातार मदद कर रहे हैं। साथ ही अच्छे संस्कार भी देते हैं।
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
सीधा प्रवेश
सत्र 2024-25
100% प्लेसमेंट
प्रवेश हैल्पलाईन : 9455113105



SUN LUPIN Pfizer pil MACLEODS Canixa
वेबसाइट :- www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

# युवाओं को भाजपा में मिला सम्मान



भाजपा युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी का युवा सम्मेलन शुक्रवार को कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के सभागार में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। शुक्रवार को कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के सभागार में भाजपा का युवा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ।

सम्मेलन में युवा नेता आदित्य सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को सिर्फ भाजपा में ही सम्मान मिला है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने युवाओं को सरकार की योजनाएं बताईं।

इस मौके पर प्रियांशुदत्त द्विवेदी, विपिन मिश्रा (नगरिया), राम खिलौना आदि मौजूद रहे।

